जनपद कानपुर देहात के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिला पेयजल स्वच्छता मिशन की बैठक दिनांक 20.08.2021 हेतु निम्नवत् एजेण्डाः—

| क्र0सं0 | एजेण्डा बिन्दु। | अद्यतन स्थिति |
|---|---|---|
| 1 | राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार अनुमानित लागत रू0 2.00 करोड़ से अधिक होने की दशा में 10 नग डी0पी0आर0 दिनांक 05.06.2021 एवं 15 नग डी0पी0आर0 दिनांक 23.07.2021 को जिला पेयजल स्वच्छता मिशन से प्रशासनिक स्वीकृति उपरान्त कार्यालय राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित किये गये तथा 33 नग डी0पी0आर0 प्रेषित किये जाने है। | अद्यतन जानकारी के अनुसार उपरोक्त 10 नग प्राक्कलन राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति द्वारा स्वीकृति किये गये है। तत्क्रम में तीन ग्राम पंचायतों में कार्यस्थल का चिन्हांकन कर लिया गया है तथा शीघ्र ही निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था द्वारा प्रारम्भ किये जायेगें। |
| 2 | कार्यालय राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कार्यदायी संस्था मैं0 इण्डियन हूयम पाइप प्रा0लि0 (आई0एच0पी0) को राजस्व ग्राम के आधार पर प्राक्कलन तैयार करने थे परन्तु यह स्थिति व्यवहारिक रूप से उचित न पाये जाने एवं प्रति व्यक्ति लागत अधिक होने की स्थिति में कार्यदायी संस्था को ग्राम पंचायत के आधार पर प्राक्कलन प्रस्तुत करने के निर्देश प्राप्त हुये। तदानुसार पूर्व में उपलब्ध करायी गयी सूची 294 नग राजस्व ग्राम दिनांक 19.03.2021 में आंशिक संशोधन उपरान्त कुल 286 नग राजस्व ग्राम तथा दिनांक 23.07.2021 को 56 नग राजस्व ग्राम, इस प्रकार कुल 342 नग राजस्व ग्रामों की सूची कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी गयी है। | फलस्वरूप 342 नग राजस्व ग्राम चयनित। |
| 3 | ग्राम पंचायत वार स्थल की उपलब्धता पर ही प्राक्कलन तैयार किया जाना है। उक्त हेतु जिलाधिकारी महोदय के स्तर से समस्त उपजिलाधिकारियों को पत्र संख्या—218/एम—33/03 दिनांक 20.03.2021 द्वारा निःशुल्क भूमि उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया है। | अद्यतन स्थिति, अनुसार अनुमोदित सूची से वर्तमान तक 173 नग ग्राम पंचायतों पर स्थल प्राप्त हो गये है शेष 169 स्थलों हेतु प्रयास किये जा रहे है। कार्यदायी संस्था द्वारा अभी तक 173 नग ग्राम पंचायतों पर सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। |
| 4 | मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा अपनी विधान सभा क्षेत्र में कुछ ग्राम पंचायतों को सम्मिलित कराने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराये गये है।<br>1. मा0 विधायिका निर्मला संखवार जी— 68 नग।<br>2. मा0 विधायिका प्रतिभा शुक्ला जी— 10 नग।<br>3. मा0 विधायक विनोद कटियार जी— 108 नग। | कार्यदायी संस्था मैं0 इण्डियन हूयम पाइप प्रा0 लि0 (आई0एच0पी0) द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा मात्र रू0 550 करोड़ तक लागत (जनपद कानपुर देहात, औरैया एवं इटावा) के कार्य कराना सम्भव है। यद्यपि कानपुर देहात हेतु मात्र 218 नग राजस्व ग्राम के प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश है। |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | कार्यदायी संस्था द्वारा पूर्व 25 नग प्राक्कलन दिनांक 05.06.2021 एवं 23.07.2021 को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कार्यालय लखनऊ प्रेषित किये जा चुके है एवं 33 नग प्राक्कलन परीक्षण हेतु उपलब्ध कराये गये है। उल्लेखनीय है कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कार्यालय लखनऊ के पत्रांक 705 / JJM/Event/2 020-21 Date 08-07-2021 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि पेयजल योजना के क्रियान्वयन के पूर्व Tri-Partite अनुबन्ध का गठन किया जाना आवश्यक है। यह अनुबन्ध DWSC (अधिशासी अभियन्ता जल निगम) VWSC (ग्राम प्रधान / सचिव) तथा कार्यदायी संस्था के मध्य होना है। | परीक्षणोपरान्त ज्ञात हुआ है कि समस्त प्राक्कलन अनुमानित लागत रू0 2.00 करोड से अधिक होने की दशा में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन से प्रशासिनक स्वीकृति उपरान्त लखनऊ प्रेषित किया जाना है। प्राक्कलन की प्रतियां प्रस्तुत है। 10 नग पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन के पूर्व त्रिपक्षीय अनुबन्ध हस्ताक्षर उपरान्त दिनांक 26.07.2021 को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कार्यालय लखनऊ प्रेषित किये जा चुके है। |
| 6 | जल जीवन मिशन कार्यक्रम के शासन के पत्रांक सं0 702 / W-314(Vol-3)/2021-22 Date 08-07-2021 के अनुपालन में I.E.C. Activities हेतु इम्पैनल एजेन्सियों के माध्यम से चयन करना। | अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा जनपद स्तर पर DWSM के स्तर से इम्पैनल इच्छुक इम्पलीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई.एस.ए.) की क्षमता एवं कार्यो के आंकलन के आधार पर गठन किया जाना है। |
| 7 | राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कार्यालय लखनऊ द्वारा इस जनपद हेतु 04 नग (आई.एस.ए.) को नामित किया गया है।<br>1. जन कल्याण परिषद– कैटागिरी– A, 04 नग क्लस्टर<br>2. राम बहादुर सिंह भदौरिया ट्रस्ट–कैटागिरी–C, 01 नग क्लस्टर<br>3. बुन्देलखण्ड ग्राम विकास सेवा संस्थान–कैटागिरी–C, 01 नग क्लस्टर<br>4. सी0एस0 डाटा मेंशन रिसर्च सर्विसेज,प्रा0लि0–कैटागिरी–C, 01 नग क्लस्टर | उक्त समस्त (आई.एस.ए.) को इस कार्यालय द्वारा क्लस्टर (40 नग ग्राम पंचायतें) आंवटित किये गये है। साथ ही इनके साथ राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर अनुबन्ध निष्पादित किये गये है। |
| 8 | जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विलेज एक्शन प्लान (VAP) तैयार किया जाना है। | अद्यतन स्थिति अनुसार 69 नग विलेज एक्शन प्लान (VAP) तैयार कर लिये गये है। |
| 9 | जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम में पेयजल स्वच्छता समितियों का गठन किया जाना प्रस्तावित है। | अद्यतन स्थिति अनुसार 36 नग ग्रामों में पेयजल स्वच्छता समितियों का गठन किया जा चुका है। |
| 10 | जनपद अन्तर्गत पूर्व से निर्मित पेयजल योजनाओं पर जलकर वसूली सुचारू रूप से उपलब्ध न होने के सम्बन्ध में। | अद्यतन स्थिति अनुसार योजनान्तर्गत ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान / सचिव को इस हेतु निर्देशित किया जाना आवश्यक है। |

20/8/21

(एम0के0 सिंह)
अधिशासी अभियन्ता